Topic : प्रोजेक्ट विधि

Date :

Class :

प्रोजेक्ट विधि

- इसे प्रोजेक्ट वर्क, परियोजना या प्रायोजना विधि भी कहते हैं।
- आज के समय में इस विधि का स्वरूप व्यापक हो गया है। इस विधि में 'करके सीखने' पर बल दिया जाता है।

इतिहास :- 'Project' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग USA के कोलम्बिया विश्वविद्यालय के प्रो. रिचर्डस (अभियांत्रिकी विभाग के HOD) द्वारा किया गया।

* शिक्षा के क्षेत्र में Project शब्द का प्रयोग 'जॉन डिवी ने किया। (सर्वप्रथम)
* शिक्षा के क्षेत्र में प्रोजेक्ट विधि के प्रतिपादन या जनक या इस विधि के आविष्कारक के रूप में श्रेय जॉन डिवी के शिष्य विलियम हेनरी किलपैट्रिक को जाता है।
* प्रोजेक्ट विधि को परिभाषित करने का श्रेय 'स्टीवेन्सन' को जाता है।

Note :- जॉन डिवी, किलपैट्रिक व स्टीवेन्सन ये तीनों कोलम्बिया विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्री थे।

Topic :

Date :

Class :

भारत में परियोजना विधि :-

- भारत में इस विधि को लाने का श्रेय 'महात्मा गांधी' को जाता है।

* गांधीजी ने बुनियादी शिक्षा या बेसिक शिक्षा की संकल्पना दी।

* गांधीजी द्वारा हस्तशिल्प की अवधारणा दी जो प्रोजेक्ट विधि का ही एक अंग है।

* भारत में इस विधि का प्रयोग अंग्रेजों द्वारा ईसाई धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए पंजाब में (मोगा क्षेत्र) किया गया।

परिभाषाएँ :-

* स्टीवेन्सन के अनुसार :- प्रोजेक्ट एक समस्यात्मक कार्य है, जिसका समाधान उसके प्राकृतिक वातावरण में रहते हुए ही किया जाता है।

* बेलार्ड के अनुसार - प्रोजेक्ट वास्तविक जीवन का एक छोटा-सा अंश होता है, जिसे विद्यालय में सम्पादित किया जाता है।

* पार्कर के अनुसार - प्रोजेक्ट कार्य की एक इकाई है, जिसमें छात्रों को कार्य की योजना और सम्पन्नता के लिए उत्तरदायी बनाया जाता है।

* बिनिंग के अनुसार - वास्तविक जीवन जैसी परिस्थियों में पूरा किया जाने वाला बालकों द्वारा आयोजित उद्देश्यपूर्ण कार्य परियोजना कहलाता है।

Topic :

Date :

Class :

परियोजना विधि के आधारभूत सिद्धांत :-

1. स्वतंत्रता का सिद्धांत
2. यथार्थता / वास्तविकता का सिद्धांत
3. मनोवैज्ञानिकता का सिद्धांत
4. उद्देश्य आधारित सिद्धांत
5. करके सीखने या क्रियात्मकता का सिद्धांत
6. सामाजिकता का सिद्धांत
7. वैयक्तिक भिन्नता का सिद्धांत
8. उपयोगिता का सिद्धांत व मितव्ययता का सिद्धांत
9. समन्वयता का सिद्धांत

कलम ACADEMY

प्रायोजना का आधार

दर्शनशास्त्र → प्रयोजनवाद (चार्ल्स पियर्सन द्वारा)

व्यवहारवाद → मनोविज्ञान से सम्बध

- प्रयोजनवाद को परियोजना का आधार माना गया है।

रूसो ने अपनी पुस्तक 'एमिल' में करके सीखने को महत्वपूर्ण बताया।

* करके सीखना
* प्रयोग करके
* खोज करके
* अवलोकन करके

→ ये रूसो ने बताया।

Topic :	Date :

Class :

* फ्राबेल ने क्रियाओं द्वारा सीखना बताया।

* जॉन डिवी ने अनुभव द्वारा सीखना महत्वपूर्ण बताया।

प्रोजेक्ट का अर्थ - पूर्व निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने की रूपरेखा या योजना की क्रियान्विति करना।

किलपैट्रिक के अनुसार - प्रोजेक्ट सामाजिक वातावरण में पूर्ण संलग्नता से किया जाने वाला उद्देश्यपूर्ण कार्य है।

परियोजना विधि के सोपान

- किलपैट्रिक के अनुसार → 4 सोपान

① उद्देश्य
② नियोजन / रूपरेखा
③ क्रियान्वयन / क्रियान्विति
④ मूल्यांकन

(Note) - इन्होनें इस विधि में रिकार्ड / लेखा-जोखा को भी महत्वपूर्ण माना है।



Topic :

Date :

Class :

परियोजना विधि के सामान्य सोपान :-

(A) परिस्थितियों का निर्माण।
(B) उद्देश्य निर्धारण करना/चयन करना।
(C) कार्य - योजना बनाना।
(D) क्रियान्वयन करना।
(E) मूल्यांकन करना।
(F) रिकॉर्ड (लेखा - जोखा) रखना।

* इस विधि में शिक्षक, गौण, सहयोगी व परामर्शदाता होता है व शिक्षार्थी सक्रिय व मुख्य भूमिका में होता है।

- इस विधि में परिस्थितियों का निर्माण शिक्षक द्वारा किया जाता है।
- इस विधि में मूल्यांकन का कार्य शिक्षक द्वारा किया जाता है।
- रिकॉर्ड या लेखा - जोखा विद्यार्थी द्वारा किया जाता है।

परियोजना विधि के गुण :-

① मनोवैज्ञानिकता
② प्रयोगात्मक एवं व्यावहारिक विधि
③ बाल - केन्द्रित विधि
④ प्रजातांत्रिक विधि
⑤ सामाजिक मूल्यों का विकास
⑥ स्पष्ट व स्थायी ज्ञान
⑦ वैज्ञानिक/क्रमबद्धता पर आधारित
⑧ वैयक्तिक भिन्नता पर आधारित।

Topic :

Date :

Class :

प्रोजेक्ट के प्रकार

- छात्र संख्या के (कक्षा - कक्ष में) आधार पर
  - वैयक्तिक प्रोजेक्ट
  - समूह प्रोजेक्ट
- समय की दृष्टि से
  - लघु प्रोजेक्ट (2-7 दिन)
  - वृहद प्रोजेक्ट (7 से अधिक)
- उद्देश्य के आधार पर
  - भौतिक वस्तु का निर्माण
  - सीखने की योजना
  - समस्यात्मक योजना

किलपैट्रिक के अनुसार प्रोजेक्ट :- 4 प्रकार

① उत्पादनात्मक / रचनात्मक :- चार्ट बनाना, चित्र बनाना, खिलौने बनाना, मॉडल बनाना।

② समस्यात्मक :- कोई समस्या देकर प्रोजेक्ट करवाया जाता है। जैसे- यदि विद्यार्थियों को कहा जाए की पृथ्वी की घूर्णन गति दुगुनी कर दी जाए तो क्या होगा? *(यहाँ यह समस्यात्मक प्रोजेक्ट है)

③ अभ्यासात्मक :- इसे कौशलात्मक प्रोजेक्ट भी कहा जाता है। जैसे- तैरना, सिखना आदि।

④ रसास्वादन - इसे उपभोक्ता प्रोजेक्ट भी कहते हैं। जैसे- कविता पाठ करवाना।

थॉमस रिस्क ने तीन प्रकार के प्रोजेक्ट बताए -

① उत्पादनात्मक
② अधिगम
③ बौद्धिक या समस्यात्मक

परियोजना विधि के दोष :-

(i) इस विधि में समय अधिक लगता है।
(ii) अधिक खर्चीली।
(iii) समय-सारणी (कालांश) में समायोजित नहीं।
(iv) प्रशिक्षित अध्यापकों की कमी
(v) सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को प्रोजेक्ट द्वारा नहीं करवा सकते हैं।

कलाम ACADEMY

प्रश्न-① प्रोजेक्ट विधि के दौरान प्रोजेक्ट का चुनाव किया जाता है?

(A) शिक्षक द्वारा
✓(B) शिक्षक के निर्देशन पर छात्र द्वारा
(C) छात्रों के फीडबैक पर शिक्षक द्वारा
(D) विशेषज्ञ द्वारा

[B]

प्र. ② प्रोजेक्ट विधि निम्न में से किस दार्शनिक विचार-धारा पर आधारित है?

(A) आदर्शवाद
(B) प्रकृतिवाद
✓(C) प्रयोजनवाद
(D) यथार्थवाद

[C]

प्र. ③ परियोजना विधि के जनक हैं?

(A) स्टीवेन्सन
(B) जॉन डिवी
(C) चार्ल्स पियर्स
✓(D) किलपैट्रिक

[D]